an>

Title: Need for upgradation of Akashwani Kendra in Rajgarh,Madhya Pradesh.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के एकमात्र आकाशवाणी केंद्र राजगढ़ के उन्नयन हेतु सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को योजना बनानी चाहिए। वर्तमान में एकमात्र आकाशवाणी केंद्र राजगढ़ से प्रातःकालीन सभा में 6.00 से 10.00 बजे तक ही विविध भारती की सेवा का प्रसारण मात्र 35 किलोमीटर के सीमित क्षेत्र में ही किया जाता है जो क्षेत्र की बहुसंख्यक लोगों की पहुँच से बाहर व नाकाफी है। मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ की अधिकांश जनता मुख्यतः कृषि पर निर्भर है तथा क्षेत्र में सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक विरासतें प्रचुर मात्रा में है एवं कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की जन्मस्थली व कर्मस्थली यहीं हैं। अतः आकाशवाणी केंद्र राजगढ़ का उन्नयन कर प्रसारण क्षेत्र व प्रसारण अवधि को बढ़ाया जाए व पर्याप्त मात्रा में कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर मालवी भाषा में किसानों व अन्य लोगों के लिए हितकर कार्यक्रमों का निर्माण व प्रसारण किया जाए जिससे प्रदेश व केंद्र शासन की अभिनव व जनहितैषी विकास योजनाएं प्रखर माध्यम से सीधे आमजन तक पहुंचाई जा सकती हैं।

अतः मेरा माननीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के लोगों की आकांक्षाओं व व्यापक जनहित को देखते हुए आकाशवाणी केंद्र राजगढ़ का शीघ्र उन्नयन करवाया जाए।